# हिन्दी

**(दूर्वा) (पाठ 11) (जय प्रकाश पांडेय - हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी - मारिया नेज्यैशी)**
**(कक्षा 8)**

**प्रश्न 1:**

पाठ से

**(क)**

मारिया को किस कार्य के लिए सम्मानित किया गया?

**(क)**

मारिया ने अंग्रेज होते हुए भी हिन्दी के उत्थान के बहुत ही सराहनीय काम किया था और उन्होंने कई किताबों का हिन्दी से हंगेरियन और हंगेरियन से हिन्दी में अनुवाद किया था उनके इसी सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया था।

**(ख)**

मारिया ने अनेक भाषाओं का अध्ययन क्यों किया?

**(ख)**

मारिया बचपन से ही इंसानी जीवन के शुरुआती दौर को जानने के लिए लालायित थी। इसीलिए उन्होंने ग्रीक, लेटिन, यूनानी और संस्कृत भाषाओं का अध्ययन किया।

**(ग)**

मारिया बुडापेस्ट में कौन-सी भारतीय पोशाक पहनना पसंद करती हैं और क्यों?

**(ग)**

मारिया बुडापेस्ट में भारतीय पोशाक सलवार कुर्ता पहनना पसंद करती हैं क्योंकि यह उन्हें ठंड से भी बचाती है।

**प्रश्न 2:**

अपनी-अपनी पसंद

नीचे दी गई तालिका में मारिया की और तुम अपनी पसंद लिखो?

| क्र. सं. | मारिया की पसंद | तुम्हारी पसंद |
|---|---|---|
| (क) भारतीय खाना | ---------------- | -------------- |
| (ख) शहर | ---------------- | --------------- |
| (ग) फ़िल्म | ---------------- | ------------- |
| (घ) कलाकार | --------------- | -------------- |
| (ङ) भाषा | ---------------- | -------------- |
| (च) भारतीय पोशाक | ---------------- | --------------- |
| (छ) कार्यक्रम | ---------------- | ---------------- |

**उत्तर 2:**

| क्र. सं. | मारिया की पसंद | तुम्हारी पसंद |
|---|---|---|
| (क) भारतीय खाना | पूरी, मटर पनीर | राजमा, चावल |
| (ख) शहर | दिल्ली, उदयपुर | देहरादून, अहमदाबाद |
| (ग) फ़िल्म | उमराव जान | क्रांतिवीर, तिरंगा |
| (घ) कलाकार | नसीरुद्दीन शाह व शबाना | नाना पाटेकर, सन्नी देओल |
| (ङ) भाषा | हिन्दी | हिंदी |
| (च) भारतीय पोशाक | सलवार सूट | कुर्ता-पाजामा |
| (छ) कार्यक्रम | हिन्दी सम्मलेन | चैरिटी कार्य |

**प्रश्न 3:**

क्षमायाचना और शिकायत

**(क)**

इस भेंटवार्ता की शुरुआत में ही मारिया ने क्षमायाचना क्यों की?

**(क)**

इस भेंटवार्ता की शुरुआत में ही मारिया ने क्षमायाचना इसलिए की कि दिल्ली के व्यस्त यातायात के चलते वह समय से नहीं पहुँच सकी।

**(ख)**

उसने भेंटवार्ता की शुरुआत किस तरह की शिकायतों से की?

**(ख)**

मारिया ने बातचीत की शुरुआत शिकायतों से करते हुए कहा कि भारत बहुत बड़ा देश है। यहाँ की परंपरा बहुत समृद्ध है पर यहाँ के फ़िल्म वाले इतनी छोटी-छोटी बातों पर झूठ बोलते ही नहीं बल्कि झूठ दिखाते भी हैं कि उन्हें देखकर दुख होता है।

**(ग)**

तुम भी कभी क्षमायाचना और शिकायतों का व्यवहार करते होगे। बताओं वह कौन-कौन से अवसर होते हैं और किन-किन चीजों के बारे में किस-किस से तुम क्षमा याचना और शिकायत करते हो?

**(ग)**

छात्र अपनी योग्यता के अनुसार इस प्रश्न का उत्तर स्वयं देंगे।

**प्रश्न 4:**

कुछ यह भी करो

मान लो कि तुम्हारे स्कूल और किसी अन्य स्कूल के बीच क्रिकेट मैच हुआ और उसमें तुम्हारे स्कूल की क्रिकेट टीम की जीत हुई हो। मगर, किसी समाचार-पत्र में खबरें तो सही रूप में तुम्हारे स्कूल और किसी अन्य स्कूल के बीच में खेले गए मैचों की छापी गई हो और उसके साथ जो तस्वीरें छापी गई हों, वह किसी दूसरे मैच में खेलने वाली टीम की हो। इसके लिए तुम शिकायत करना चाहो तो क्या-क्या करोगे?

**उत्तर 4:**

इस त्रुटी के लिए समाचार पत्र के सम्पादक महोदय को शिकायती पत्र लिखकर संशोधित खबर पुनः छपने का आग्रह करेंगे।

**प्रश्न 5:**

झूठ और सच की बात

यहाँ के फिल्म वाले इतनी छोटी-छोटी बातों पर झूठ बोलते ही नहीं बल्कि झूठ दिखाते भी हैं। ऊपर मारिया ने भेंटकर्ता से जो बात कही है उसको पढ़ो। अब बताओ कि -

**(क)**

तुम इस बात से कहाँ तक और क्यों सहमत हो?

**(क)**

हम इस बात से पूर्णतया सहमत हैं क्योंकि फिल्म वाले अपने मुनाफे और जनता के मनोरंजन के लिए कहानी को वास्तविकता से बहुत दूर ले जाते हैं।

**(ख)**
क्या सिनेमा में झूठ और सच की बातें दिखाना जरूरी होता है? यदि हाँ तो क्यों?
**(ख)**
सिनेमा में दोनों पक्ष दिखाना इसलिए जरूरी होता है क्योंकि यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो उनकी फिल्म को मसाला नहीं मिलेगा और उनकी फिल्म कमाई नहीं कर पाएगी।

**प्रश्न 6:**
साथ-साथ
"हंगरी में संयुक्त परिवार की सोच नहीं है। पति-पत्नी व बच्चे। बच्चे भी केवल ***20*** साल की उम्र तक माता-पिता के साथ रह सकते हैं। कुल मिलाकर एक इकाई का छोटा परिवार।"
ऊपर के वाक्यों को पढ़ो और बताओ कि-
**(क)** भारत में बच्चे कब तक माता-पिता के साथ रह सकते है और क्यों?
**(ख)** तुम्हें अगर हंगरी या किसी अन्य देश में रहने की आवश्यकता हो तो किन-किन चीजों को साथ रखना चाहोगे और क्यों?
**उत्तर 6:**
**(क)** भारत में बच्चे माता-पिता के साथ उम्र भर रह सकते है क्योंकि भारत में संयुक्त परिवारों की परम्पराएँ हैं।
**(ख)** मुझे अगर हंगरी या किसी अन्य देश में रहने की आवश्यकता होगी तो भारतीय खाने की चीजें तथा परिधान साथ रखना चाहूंगा।

**प्रश्न 7:**
मातृभाषा
नीचे दिए गए शब्दों को अपनी मातृभाषा में लिखो और उन पर अपने मित्रें से चर्चा करो-
(क) नमस्ते - ---------------------
(ख) घर - ---------------------
(ग) सड़क - --------------------
(घ) समाचार-पत्र - ---------------------
(घ) पानी - ---------------------
(च) साबुन - ---------------------
(छ) धरती - ---------------------
(ज) जंगल - ---------------------
(झ) सुबह - ---------------------
**उत्तर 7:**
छात्र अपनी समझ के अनुसार इस प्रश्न का उत्तर दें।

**प्रश्न 8:**
साफ़-सफ़ाई

**(क)**
मारिया को समुद्र में प्लास्टिक के द्वीप और धरती को खराब करने वाली चीजों से चिंता हुई है। क्या तुम्हें भी अपने आस-पास में फैली गंदगी, कूड़े-कचरे के ढेर और तुम्हारे वातावरण को खराब करने वाली चीजों को देखकर चिंता होती है? कारण सहित उत्तर दो।
**(ख)**
तुम अगर अपने आस-पास, घर, स्कूल व अपने परिवेश की साफ़-सफ़ाई करना चाहो तो क्या-क्या स्वयं कर सकते हो और क्या-क्या करने में तुम्हें अपने मित्रों, संबंधियों, शिक्षकों और अन्य लोगों की सहायता लेनी पड़ सकती है?

**उत्तर 8:**

**(क)**
गन्दगी सभी के लिए परेशानी का कारण है। इसकी वजह से आस-पास बदबू फ़ैल जाती है। प्रदूषित हवा से बीमारी फैलने का डर बना रहता है। बरसात में यही गन्दगी बहकर नदी के पानी में मिल जाती है जिससे पानी प्रदूषित हो जाता है।
**(ख)**
घर के अन्दर की सफाई हम स्वयं कर सकते हैं। जबकि गाँव की गलियां या स्कूल आदि की सफाई के लिए मित्रों की मदद ले सकते हैं।

**प्रश्न 9:**

दो-दो समान अर्थ
नीचे एक शब्द के दो समान अर्थ दिए गए हैं। जैसे-
नमूना - धरती - पृथ्वी, धरा
अब तुम भी इन शब्दों के दो-दो समान अर्थ लिखो
**(क)**
दोस्त
**(क)**
सखा, मित्र

**(ख)**
माँ
**(ख)**
माता, अम्मा

**(ग)**
पानी
**(ग)**
नीर ,जल

**(घ)**
नारी
**(घ)**
महिला, औरत

**प्रश्न 10:**

काफ़ी या कॉफ़ी?

'काफ़ी' शब्द का अर्थ है - पर्याप्त और 'कॉफ़ी' का अर्थ होता है एक पेय पदार्थ। दोनों शब्दों की वर्तनी में केवल थोड़ा-सा अंतर होने से अर्थ बदल गया है।

तुम दिए गए शब्दों को पढ़ो और वाक्य बनाओ।

**(क)** बाल, बॉल

**(ख)** हाल, हॉल

**(ग)** चाक, चॉक

**(घ)** काफ़ी, कॉफ़ी

**उत्तर 10:**

**(क)**

बाल: उस लड़की के बाल बहुत लंबे हैं।

बॉल: क्रिकेट की बॉल लाल और सफ़ेद रंग की होती है।

**(ख)**

हाल: आपके क्या हाल-चाल हैं।

हॉल: सिनेमा हॉल में नयी मूवी दिखाई जा रही है।

**(ग)**

चाक: कुम्हार मिट्टी के बर्तन चाक पर बनाता है।

चॉक: अध्यापक चॉक से श्याम-पट पर लिख रहा है।

**(घ)**

काफ़ी: ये फल तुम्हारे लिए काफी हैं।

कॉफ़ी: ज्यादा कॉफ़ी पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**प्रश्न 11:**

नीचे दिए गए वाक्यों को सही शब्दों से पूरा करो:

**(क)**

रमा ने कमरे में फूल............. दिए । सज़ा /सजा

**(क)**

सजा

**(ख)**

माँ दही ............. भूल गई। ज़माना/जमाना

**(ख)**

जमाना

**(ग)**

घोड़ा ............. दौड़ता है। तेज़/तेज

**(ग)**

तेज

**(घ)**
शीला ने मुझे एक ………… की बात बताई। राज/राज़
**(घ)**
राज़

**(ङ)**
उदित सितार बजाने के ………… में माहिर है। फन/फ़न
**(ड़)**
फ़न

**(च)**
कप में ………… सी चाय बची थी। जरा/ ज़रा
**(च)**
जरा

**प्रश्न 12:**
संचार माध्यमों की दुनिया
**(क)** तुम पढ़ने-लिखने में किन-किन संचार माध्यमों का उपयोग करते हो?
**(ख)** उनमें से तुम्हें सबसे उपयुक्त क्या और क्यों लगता है?
**उत्तर 12:**
**(क)** हम पढ़ने-लिखने में कंप्यूटर और इन्टरनेट का उपयोग करते हैं।
**(ख)** उनमें से मुझे सबसे उपयुक्त लैपटॉप और मोबइल फोन लगता है, क्योंकि इनके माध्यम से कहीं भी बैठकर किसी भी विषय की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।